# कार्यालय कलेक्टर सह अध्यक्ष, जल ग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केंद्र ,जिला बलौदाबाजार–भाटापारा(छ0ग0)

(फोन नं. / फैक्स नं. 07727-222054, 223543 ई–मेल: ddabbazar.cg@gov.in)

## / / संशोधन संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन / /

क्रमांक / PMKSY / WCDC / 2023–24 / 1266 बलौदाबाजार, दिनांक 28-06-23

उपरोक्त विषयांतर्गत छ0ग0 शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय दाउ कल्याण सिंह भवन रायपुर के पत्र क्रमांक 1706 / पंग्राविवि. / 22 / 2012 रायपुर दिनांक 21.02.2012 एवं पत्र क्रमांक 1702 / पंग्राविवि. / 22 / 2012 रायपुर दिनांक 21.02.2012 के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा जारी समान मार्गदर्शी सिद्धांत 2008 के परिपालन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक–2.0 (PMKSY-WDC-2.0) अंतर्गत वर्ष 2021–22 में जिलें में स्वीकृत परियोजना अंतर्गत कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक बलौदाबाजार–भाटापारा जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC) एवं परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (PIA) हेतु अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाए विवरण अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता,विशेष योग्यता सहित वांक्षनीय अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक** 07-07-2023 को सायं 05:30 बजें तक संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव आदि प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | स्वीकृत पद | पद संख्या | मैट्रिक्स वेतन / एकमुश्त वेतमान | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | संविदा नियुक्ति के तहत चयन हेतु मेरिट अंक का निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी ) WCDC जिला स्तर<br>अना. मुक्त 01 | 01 | 13 / 49000 / – एकमुश्त | कृषि अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर / सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री के साथ–साथ मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव | 01. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक Weightage देते हुए– 70<br>02. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर–15<br>शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव 15<br>उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन<br>01. न्यूनतम 03 वर्ष तक का अनुभव–05<br>02. 05 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>03. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव–15 |
| 2 | WDT सदस्य (यांत्रिकी) PIA- स्तर<br>अना. मुक्त 01 | 01 | 10 / 31450 / – एकमुश्त | न्यूनतम– बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) / बी.ई. सिविलि / दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा रूरल टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट विषय में।<br>**वांछनीय :–** मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी / शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता। | 01. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक Weightage देते हुए– 70<br>02. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर–15<br>शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव 15<br>उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन<br>01. न्यूनतम 03 वर्ष तक का अनुभव–05<br>02. 05 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>03. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव–15 |
| 3 | WDT सदस्य (समूह विकास) PIA- स्तर<br>अना. मुक्त 01 | 01 | 08 / 25780 / – एकमुश्त | न्यूनतम– एम.बी.ए अथवा प्रबंधन में समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा / ग्रामीण प्रबंधन / विकास में स्नातकोत्तर अथवा समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा / सामाजिक कार्य (MSW)/ समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर<br>**वांछनीय :–** मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी / शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता। | 01. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक Weightage देते हुए– 70<br>02. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर–15<br>शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव 15<br>उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन<br>01. न्यूनतम 03 वर्ष तक का अनुभव–05<br>02. 05 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>03. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव–15 |

**व शर्त :–**

01. आवेदन बंद लिफाफे में उप संचालक कृषि जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा कलेक्ट्रेट रोड तहसील परिसर में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से 07.07.2023... तक कार्यालयीन समय सायं 05:30.... बजे तक स्वीकार किए जायेगें । समय –सीमा पश्चात एवं व्यक्तिगंत रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

02. लिफाफे के ऊपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख किया जावें, आवेदन त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण होने पर निरस्त किया जावेगा।

03. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा 05–05 रूपये के डाक टिकट सहित पत्र व्यवहार के लिये संलग्नं किया जाना आवश्यक है।

04. प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।

05. तैयार मेरिट सूची से रिक्त पदों के विरूद्ध तीन गुना अभ्यार्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच एवं कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।

06. मूल प्रमाण पत्रों की जांच एवं कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा के उपरांत योग्य अभयार्थी का नियुक्ति आदेश संबंधित अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

07. **नियुक्ति की अवधि–** संविदा नियुक्ति सामान्यतः 01 वर्ष की होगी। WCDC आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का गोपनीय प्रतिवेदन द्वारा आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताए सेवा समाप्त की जा सकती है।

08. **वेतन–** उपरोक्त संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नही दिया जायेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी। मासिक एकमुश्त राशि का निर्धारण वह होगा जो CGSWMA द्वारा समय–समय पर सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

09. **अवकाश की पात्रता–** संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष 18 दिनों का आकस्मिक अवकाश तथा 03 दिनों का ऐच्छिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महीनों के लिए अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना में अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस से पूर्णाकिंत किया जावेगा। विश्रामावकाश विभागों में कैलेण्डरं वर्ष के तात्पर्य 12 माह की वास्तविक सेवा से लगाया जाएगा।

10. **यात्रा भत्ता–** संविदा नियुक्त व्यक्ति को जिस पद पर नियुक्ति दी गई है, उस पद के समकक्ष शासकीय सेवकों के समान यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।

11. **प्रसूति अवकाश–** शासन द्वारा संविदा नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी के लिए निर्धारित प्रसूति अवकाश की पात्रता होगी।

12. **अन्य शर्ते –**

12.1 संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को अपने परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिये संविदा वेतन की कम से कम 10 प्रतिशत राशि जीवन बीमा पेंशन योजना अथवा पी.पी.एफ. में जमा करनी होगी तथा इस बात की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को देनी होगी कि कर्मचारी द्वारा किस योजना का वरण किया गया हैं, परंतु यह प्रावधान सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों पर लागू नही होगी।

12.2 यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोत पदों पर होने वाला व्यय योजना से प्रतिपूर्ति योगय होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेंगे, किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय भार वहन नही किया जावेगा। संविदा नियुक्ति हेतु जि स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

12.3 नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह के वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

12.4 संविदा पर नियुक्त व्यक्ति सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा नियुक्ति शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिए किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान या मृत्युलाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।

13. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें)

14. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिये। अ.जा., अ.ज.जा, पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीदवार को राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप आयु में छूट की पात्रता होगी।

15. अ.जा., अ.ज.जा., पिछड़ा वर्ग जाति की पुष्टि में आवेदक को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

16. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।

17. जन्मतिथि प्रमाणित हेतु हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य होगा।

18. फोटो, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिणक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित संलग्न करें।

19. पात्र उम्मीदवारों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

20. उम्मीदवारों के चयन हेतु शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंको एवं कम्प्यूटर कौशल परीक्षा तथा अनुभव में प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
21. शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमो के अधीन समान वेतन पर कार्य करने का अनुभव होने पर ही शासन द्वारा निर्धारित अनुभव अंक की पात्रता होगी। शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थी को नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
22. पूर्व में जो अभ्यर्थी आवेदन कर चुके है, उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है।
23. यह संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
24. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
25. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में नियोक्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
26. विस्तृत नियम–शर्तें एवं आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय, उप संचालक कृषि बलौदाबाजार के सूचना पटल एवं बलौदाबाजार–भाटापारा के वेबसाइट www.balodabazar.gov.in पर देखा जा सकता है।

कलेक्टर सह अध्यक्ष
जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा(छ0ग0)

# WCDC (संविदा) नियुक्ति हेतु
## आवेदन पत्र

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो स्वयं का हस्ताक्षर

प्रति,

**उप संचालक कृषि,**
**जिला – ..............**

1. आवेदित पद का नाम (स्पष्ट उल्लेख करें) : ..........................................
2. आवेदक का नाम : ..........................................
3. पिता/पति का नाम : ..........................................
4. वर्ग (अना./अजा/अजजा/अपिवर्ग) : ..........................................
5. लिंग (पुरूष/महिला) : ..........................................
6. जन्म तिथि : ..........................................
7. आयु (01.01.2023 के अनुसार) : वर्ष ———— माह ——— दिन ———
8. स्थायी पता : ..........................................
..........................................
..........................................
9. पत्र व्यवहार का पता : ..........................................
..........................................
..........................................
10. दूरभाष क्रमांक (यदि कोई हो) : ..........................................
11. शैक्षणिक योग्यता :

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | वर्ष | परीक्षा परिणाम | | | | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12 अनुभव– संस्था का नाम ——————————————————
पद का नाम ——————————————————

| | |
|---|---|
| अनुभव की अवधि – | |
| अनुभव का कार्यक्षेत्र – | |

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ..........................................
रोजगार कार्यालय का नाम ..........................................

टीप – जाति, मूलनिवासी, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता अन्य चाही गई योग्यता अनुभव, व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अन्य प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

**घोषणा पत्र**

मै घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक से पूर्णतः सत्य है। इसमें से कोई जानकारी गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा, तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

स्थान ———
दिनांक ———

आवेदक के हस्ताक्षर
( आवेदक क पूरा नाम )

संलग्न प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सूची

1. ————————————
2. ————————————
3. ————————————

# WDT (संविदा) नियुक्ति हेतु
## आवेदन पत्र

| स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो स्वयं का हस्ताक्षर |
|---|

प्रति,

**उप संचालक कृषि,**
**जिला ..................**

1. आवेदित पद का नाम (स्पष्ट उल्लेख करें) : ..............................................
2. आवेदक का नाम : ..............................................
3. पिता/पति का नाम : ..............................................
4. वर्ग (अना./अजा/अजजा/अपिवर्ग) : ..............................................
5. लिंग (पुरूष/महिला) : ..............................................
6. जन्म तिथि : ..............................................
7. आयु (01.01.2023 के अनुसार) : वर्ष ——— माह ——— दिन ——
8. स्थायी पता : ..............................................
..............................................
..............................................
9. पत्र व्यवहार का पता : ..............................................
..............................................
..............................................
10. दूरभाष क्रमांक (यदि कोई हो) : ..............................................
11. शैक्षणिक योग्यता :

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | वर्ष | परीक्षा परिणाम | | | | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12 अनुभव– संस्था का नाम ——————————————————
पद का नाम ——————————————————

| अनुभव की अवधि – | |
|---|---|
| अनुभव का कार्यक्षेत्र – | |

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ..............................................
रोजगार कार्यालय का नाम ..............................................

टीप – जाति, मूलनिवासी, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता अन्य चाही गई योग्यता अनुभव, व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अन्य प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

### घोषणा पत्र

मै घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक से पूर्णतः सत्य है। इसमें से कोई जानकारी गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा, तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

स्थान ———
दिनांक ———

आवेदक के हस्ताक्षर
( आवेदक क पूरा नाम )

संलग्न प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सूची

1. ——————————
2. ——————————
3. ——————————
4. ——————————
5. ..............................................
6. ..............................................